https://www.amarujala.com/uttar-pradesh/baghpat/bharat-ratna-to-chaudhary-charan-singh-jayant-chaudhary-received-the-honor-from-president-2024-03-30

Bharat Ratna To Chaudhary Charan Singh: जयंत चौधरी ने राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के हाथों से ग्रहण किया सम्मान

न्यूज डेस्क, अमर उजाला, बागपत Published by: Dimple Sirohi Updated Sat, 30 Mar 2024 12:23 PM IST

सार
किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न से सम्मानित किया गया। आज राष्ट्रपति भवन में आयोजित सम्मान समारोह में जयंत चौधरी ने राष्ट्रपति के हाथों से इस सम्मान को ग्रहण किया।

राष्ट्रपति द्वारा सम्मान ग्रहण करते जयंत चौधरी - फोटो : अमर उजाला

राष्ट्रपति भवन में आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कृषि क्रांति के जनक एमएस स्वामीनाथन को देश का सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से सम्मानिक किया है। सवामीनाथन के अलावा देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, पूर्व पीएम नरसिंह राव, उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी और बिहार के पूर्व सीएम कर्पूरी ठाकुर को भी सम्मानित किया गया है। बता दें कि पिछले साल 28 सितंबर को एमएस स्वामीनाथन का चेन्नई में निधन हो गया था, जिस वजह से उनकी बेटी नित्या राव भारत रत्न लेने पहुंचीं।
चौधरी चरण सिंह को प्रदान किए गए भारत रत्न को ग्रहण करने के लिए जयंत चौधरी राष्ट्रपति भवन पहुंचे और राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के हाथों से ये सम्मान ग्रहण किया।

(The video is available on the following link: https://twitter.com/ajaykmla/status/1773961109328007586?ref_src=twsrc%5Etfw%7Ctwcamp%5Etweetembed%7Ctwterm%5E1773961109328007586%7Ctwgr%5Ec171b46bd546337feb5dd78accd0bc1cb2edcaa7%7Ctwcon%5Es1_&ref_url=https%3A%2F%2Fwww.amarujala.com%2Futtar-pradesh%2Fbaghpat%2Fbharat-ratna-to-chaudhary-charan-singh-jayant-chaudhary-received-the-honor-from-president-2024-03-30)

जयंत चौधरी ने कहा आज भारत का किसान-कमेरा, मजदूर, देश का गांव-देहात सब खुश हैं, प्रफुल्लित हैं। आज का यह खास दिन चौधरी चरण सिंह जी के सिद्धांतों और आदर्शों पर चलने वाले देश के करोड़ों लोगों के लिए ऐसतिहासिक है। दशकों की मांग आज पूरी हुई है। चौधरी चरण सिंह जी को 'भारत रत्न' से सम्मानित किया जाना सम्पूर्ण भारत के लिए गौरव का पल है।